## खबर संक्षेप



### कच्चे पार्किंग यार्ड लोगों के लिए बना रहे मुसीबत

**कटनी।** कैमोर क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की अनदेखी से चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कैमोर में कच्चे पार्किंग यार्ड जहां पर ट्रक खड़े होते है, जहां पर जानलेवा फ्लाई ऐश भी फेक दी जाती है। बरसात के दिनों में कच्चे पार्किंग यार्ड की गीली मिट्टी एवं गीली फ्लाई एश ट्रक के टायर से चिपककर सड़कों में आती है और सूखने पर उड़ती है। आम जन परेशान है एवं बीमारियों का शिकार हो रहे है। ये कच्चे पार्किंग यार्ड रसूखदारों के हैं जिस पर प्रदूषण विभाग, नगर परिषद के जिम्मेदार कार्यवाही करने से कतराते हैं।

### पर्युषण पर्व में श्रावक करेंगे भगवान की भक्ति

**सिलौंडी।** पर्वराज पर्यूषण पर्व के पावन पर्व पर सिलौंडी के चंद्रप्रभु जैन दिगम्बर मंदिर झंडा चौक, श्री तारण तरण जैन चैत्यालय मंदिर झंडा चौक, चिंतामणि पारसनाथ भगवान बाजार मोहल्ला मंदिर में भी कार्यक्रम प्रारंभ हुई भक्ति जिन्होंने सुबह अभिषेक शांति धारा पूजन के साथ 10 लक्षण पर्व की पूजा अर्चना की। सिलौंडी के तीनों मंदिरो में रात्रि में आरती , स्वाध्याय और सांस्कृतिक कार्यक्रम होगे । वही मंदिरों के दर्शन हेतु दूर दराज अंचलों से भक्तजन पहुंच रहे हैं नगर में पुरुषों की साथ-साथ महिलाएं एवं बच्चे भी बड़ी तन्मयता से इन धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होकर धर्म लाभ ले रहे हैं।

### दंगल में पहलवानों ने दिखाए करतब



**स्लीमनाबाद।** काल सर्प दोष निवारण मुक्ति के लिए जाने वाले बहोरीबंद तहसील की ग्राम पंचायत कुआँ स्थित शेषनाग मंदिर मे गुरुवार को ऋषि पंचमी के अवसर पर भारी आस्था का जनसैलाब उमड़ा।अवसर था शेषनाग मंदिर मे विशाल मेला व दंगल आयोजन का। ऋषि पंचमी के अवसर पर दूरदराज क्षेत्रों से लोगो ने शेषनाग मंदिर पहुँचकर पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। मंदिर के पुजारी के द्वारा अपनी आस्था को लेकर आये लोगो को काल सर्प दोष निवारण से छुटकारा दिलाया।मनोकामना पूरी होने के चलते लोग अपनी मन्नतों को पूरी करने भी आये। ऋषि पंचमी के अवसर पर दंगल का आयोजन हुआ।जिसमें दूरदराज से आये पहलवानों ने अपने करतब दिखाए।करतबो को देख लोग तालियों से अभिनंदन करते दिखे। दंगल देखने लोगो की भारी भीड़ रही। कार्यक्रम के अंत मे विजेता पहलवानों को सम्मानित किया गया। इस दौरान एसडीएम राकेश चौरसिया, एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी,नायब तहसीलदार आकाशदीप नामदेव, थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया, सरपंच अमित साहू सहित जनप्रतिनिधियों व क्षेत्रवासियों की उपस्थिति रही।

### क्रिकेट प्रतियोगिता में पौड़ी कला बनी विजेता

**सिलौंडी।** सिलौंडी के रामबाग स्टेडियम में डबल विकेट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। स्वर्गीय जीतू साहू की स्मृति में जिसमें 16 टीमों ने भाग लिया । जिसमें नगमा सिलौंडी और कटनी आदर्श 11 सम्राट और बाकी टीमों ने हिस्सा लिया था जिसमें फाइनल मुकाबले में पौड़ी टीम विजेता रही। विजेता टीम को कॉलेज प्रिंसिपल डॉक्टर रतिराम अहिरवार द्वारा पुरस्करित किया गया उप विजेता टीम को पंकज मिश्रा द्वारा पुरस्कृत किया गया। समापन समारोह में संतोष काछी ,सौरभसेन, सतीश, मोहित मनीष काशी विकास चौहान आदर्श राज यादव की भूमिका रही।

# अमानक बीज विक्रय करने पर सात विक्रेताओं का विक्रय प्राधिकार निलंबित

## कलेक्टर के निर्देश, किसानों को अमानक खाद-बीज देने वाले विक्रेताओं को बख्शा नहीं जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

किसानों को गुणवत्ता पूर्ण खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने सघन जांच अभियान चलाने और प्रयोगशाला में नमूनों की जांच करवा कर अमानक खाद-बीज विक्रेताओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा दिए गए निर्देश के पालन में कार्यवाही का सिलसिला सतत जारी है। कलेक्टर के आदेश के पालन में जिले में अमानक बीज का विक्रय करने पर सात बीज विक्रेताओं का बीज विक्रय प्राधिकार पत्र निलंबित कर दिया गया है।

इसमें विकासखंड कटनी के चार, विकासखंड बड़वारा के दो एवं विकासखंड विजयराघवगढ़ का एक बीज विक्रेता शामिल है। यह कार्रवाई दुकान से लिए गए धान के बीजों के नमूने प्रयोगशाला जांच में अमानक पाये जाने के बाद बीज गुण नियंत्रण आदेश 1983 की धारा 15 के अंतर्गत की गई है।



फाईल फोटो

कलेक्टर श्री यादव के निर्देश पर की गई इस कार्यवाही के संबंध में उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास और उर्वरक पंजीयन अधिकारी डॉ. आर एन पटेल ने बताया कि विकासखंड कटनी के मेसर्स सुहाने बीज भंडार (प्रो. श्याम सुहाने) कटनी को बीज विक्रय प्राधिकार 13 जनवरी 2025 को जारी किया गया था। जो 12 जनवरी 2030 तक वैध था। मेसर्स मौर्या सीड्स कंपनी (प्रो. विजय बहादुर मौर्या) कन्हवारा को 12 जून 2025 को बीज विक्रय प्राधिकार प्रदान किया गया था एवं इसकी वैधता 11 जून 2030 तक थी। मेसर्स पटेल बीज भंडार (प्रो. कालीचरण पटेल) कैलवाराकला को 13 जनवरी 2025 को विक्रय प्राधिकार प्रदान किया गया था। इसकी वैधता तिथि 12 जनवरी 2030 तक थी तथा मेसर्स चौहान बीज भंडार (प्रो. श्रवण कुमार चौहान) पहरूआ कृषि उपज मंडी को 16 मई 2015 को विक्रय प्राधिकार प्रदान किया गया था। इसकी वैधता तिथि 30 नवंबर 2026 तक थी। इसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

### अधिकारियों को दिये निर्देश, कहा- दर्ज करायें एफआईआर

कलेक्टर श्री यादव ने उर्वरक की कालाबाजारी, अवैध भंडारण, टैगिंग, मिस ब्रांडिंग, गुणवत्ताहीन उर्वरक बिक्री करने वाले और अवैध परिवहनकर्ताओं सहित इस प्रकार के कार्यों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम सहित अन्य धाराओं के तहत एफआईआर कराने जैसी कार्रवाई के भी सख्त निर्देश भी अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर ने इस कार्य की निगरानी का दायित्व संबंधित एसडीएम और वहां के कृषि विभाग के अधिकारियों को सौंपा है। कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अन्नदाता, किसानों के साथ किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी करने वाले खाद-बीज विक्रेताओं को बख्शा नहीं जाए, सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाये।

इसी प्रकार विकासखंड बड़वारा के मेसर्स आरपी कृषि केन्द्र (प्रो. पूनम पटेल) बड़वाराकला को 11 अक्टूबर 2021 को विक्रय प्राधिकार प्रदान किया गया था। इसकी वैधता तिथि 10 अक्टूबर 2026 तक थी। मेसर्स न्यू गुरूकृपा बीज भंडार (प्रो. सतेन्द्र कुमार सिंह) बड़वारा को 25 मई 2022 को विक्रय प्राधिकार प्रदान किया गया था। इसकी वैधता तिथि 24 मई 2027 तक थी। इसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

इसके अलावा विकासखंड विजयराघवगढ़ के मेसर्स जनक नंदनी कृषि सेवा केन्द्र (प्रो. सुधांशु दुबे) को 23 मई 2022 को विक्रय प्राधिकार प्रदान किया गया था। इसकी वैधता तिथि 22 मई 2027 तक थी। इसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

### कुठला एवं बड़वारा पुलिस ने की कार्यवाही, आरोपितों के पास से मादक पदार्थ किया जब्त

# गांजा लेकर ग्राहक का इंतजार कर रहे तस्कर को दबोचा, खेत में लगे गांजे के पौधों को उखाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में मादक पदार्थों का अवैध कारोबार बढ़ता जा रहा है। पुलिस के तमाम प्रयास भी नाकाफी साबित हो रहे हैं। शराब हो या गांजा, अवैध कारोबार बेरोकटोक हो रहा है। हालांकि पुलिस को बीच बीच में तस्करों को पकड़ने में कुछ कामयाबी भी मिल जाती है। इसी क्रम में कुठला एवं बड़वारा पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दो व्यक्तियों को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में बुधवार गुरूवार की रात्रि पैदल पेट्रोलिंग के दौरान ट्रांसपोर्ट नगर में एक व्यक्ति संदिग्ध हालात मे मिला जो पुलिस को देखकर घबराने लगा। उसे पकड़कर पूछताछ की गई तो अपना नाम सुरेश रजक पिता विशाली रजक 55 साल निवासी पुरैनी का रहने वाला बताया। उसके पास एक थैला था जिसकी तलाशी ली गई तो अंदर दो पैकेटों में गांजा मिला जिसका वजन 2 किलो 340 ग्राम निकला। बरामद गांजा कीमत 23500 रुपये एवं गांजा ब्रिकी की रकम 1520 रुपये आरोपी के कब्जे से मिला। पुलिस ने मौके पर विधि संगत कार्यवाही की गई है । आरोपी सुरेश रजक के विरूद्ध पूर्व में थाना विजयराघवगढ में एक एनडीपीएस एक्ट का अपराध पजीबद्ध पाया गया है ।





कार्यवाही में निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में उप निरीक्षक विनोद सिंह, सउनि तीरथ तेकाम, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र पटेल, राहुल मिश्रा, रामेश्वर सिंह, सविता तिवारी, आरक्षक पुष्पेन्द्र, सतेन्द्र सिंह, पूजा की भूमिका रही।

**अरहर के खेत मे गांजे की खेती**

बड़वारा पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुडाकला खेत में गांजा के पौधे लगाए गए थे। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए पौधों को उखाड़कर जब्त किया है तथा आरोपित व्यक्ति के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया है। यह कार्यवाही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में की गई है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम गुड़ाकला में पूरन चौधरी 70 साल अपने खेत में अरहर की फसल के बीच में गांजा की फसल लगाया है जिस पर पुलिस द्वारा पूरन लाल चौधरी के खेत मे रेड कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान पूरन लाल चौधरी अपने खेत मे अरहर के फसल के बीच में गांजे के पौधे लगाया था जो गांजे के पौधे उखाड़ कर आरोपी पूरन चौधरी के कब्जे से कुल 46 पौधे 912 ग्राम गांजा जप्त कर आरोपी के विरुद्ध 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि. के के पटेल, सउनि सतेन्द्र सिंह, प्रआर. लालजी यादव, आर. गौरीशंकर राजपूत, शिवप्रकाश तिवारी, दीपक सिंह, सुरेन्द्र सिंह ठाकुर की विशेष भूमिका रही।

# तीन उर्वरक विक्रेताओं का विक्रय प्राधिकार निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

अमानक बीज एवं उर्वरक विक्रेताओं के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा दिए गये निर्देश के पालन में नियमों का उल्लंघन करने पर विकासखंड बड़वारा के 3 उर्वरक विक्रेताओं का उर्वरक विक्रय प्राधिकार निरस्त कर दिया गया है। कलेक्टर के निर्देश पर उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास और उर्वरक पंजीयन अधिकारी डॉ. आर एन पटेल ने बताया कि ग्राम खितौली के मेसर्स भोलेनाथ गुप्ता, मेसर्स हनुमान बीज भंडार (प्रो. कपिल गुप्ता) एवं मेसर्स विनोद गुप्ता के विरूद्ध उर्वरक गुणनियंत्रण आदेश 1985 के खण्ड 31(1) के उल्लंघन करने पर उर्वरक विक्रय प्राधिकार निस्त करने की कार्यवाही की गई है।

श्री पटेल ने बताया कि मेसर्स भोलेनाथ गुप्ता को उर्वरक विक्रय प्राधिकार 30 जुलाई 2011 को जारी किया गया था। जो 29 जनवरी 2026 तक वैध था। इसे तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया है।

इसी प्रकार मेसर्स हनुमान बीज भंडार को 16 मई 2012 को उर्वरक विक्रय प्राधिकार प्रदान किया गया था एवं इसकी वैधता 7 जनवरी 2026 तक थी। इसे तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया है। जबकि मेसर्स विनोद गुप्ता को 22 जुलाई 2011 को विक्रय प्राधिकार प्रदान किया गया था। इसकी वैधता तिथि 31 अक्टूबर 2026 तक थी। जिसे तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया है। इन तीनों उर्वरक विक्रेताओं को कारण बताओं नोटिस जारी कर तीन दिवस में जबाव प्रस्तुत करने हेतु लेख किया गया था। परंतु, संबंधित संस्थानों द्वारा प्रस्तुत जबाव संतोषप्रद नहीं पाया गया है। जिसके बाद उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश-1985 के खण्ड 31(1) के अंतर्गत यह कार्यवाही करते हुए इन संस्थानों को प्रदाय उर्वरक विक्रय प्राधिकार निरस्त कर दिया। साथ ही संबंधित विक्रेता संस्थानों को निर्देशित किया गया है कि ये संस्थान अपने पास उपलब्ध समस्त उर्वरक स्कन्धों का विक्रय एक माह की अवधि के अन्दर कर लें, अन्यथा एक माह पश्चात शेष बचे उर्वरकों को राजसात कर लिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि जुलाई माह में भी 3 उर्वरक विक्रेताओं का विक्रय प्राधिकार निरस्त कर दिया गया था। इस प्रकार अब तक जिले में कुल 6 उर्वरक विक्रेताओं का विक्रय प्राधिकार निरस्त किया जा चुका है।

# अलग अलग स्थानों से जब्त की अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बहोरीबंद एवं बिलहरी चौकी पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री करने वाले दो व्यक्तियों को गिरफ्तार करते हुए बड़ी मात्रा में देशी शराब भी बरामद की है। जानकारी के अनुसार बहोरीबंद थाना प्रभारी अखिलेश दहिया ने अवैध शराब के कारोबार में लिप्त एक आरोपी को बड़े पैमाने पर शराब सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ग्राम बड़खेड़ा (नीम) से भागीरथ यादव पिता जुग्गू यादव 55 वर्ष निवासी ग्राम बरखेड़ा थाना बहोरीबंद को 40 पाव देशी प्लेन 50 पाव मसाला लाल शराब कुल 90 पाव शराब के साथ गिरफ्तार किया। उक्त आरोपी के पास से पकड़ी गई शराब की कीमती करीब 9000 रूपये की आंकी गई है। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना लिया गया।



इसी तरह थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेन्द्र मिश्रा के निर्देशन में चौकी प्रभारी बिलहरी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय के नेतृत्व में अवैध शराब के खिलाफ विशेष कार्रवाई की गई। बिलहरी पुलिस ने ग्राम पिपरिया परोहा से आरोपी राजेन्द्र कुशवाहा से 35 पाव देशी प्लेन शराब बरामद की। इसके अलावा ग्राम खरखरी (बर्मन ढाबा) से 23 पाव देशी प्लेन शराब जब्त की। एक अन्य कार्रवाई में ग्राम खरखरी से आरोपी सोनेलाल यादव से 20 पाव देशी प्लेन शराब बरामद की गई।। तीनों मामलों में आरोपियों के पास वैध लाइसेंस न होने के कारण 34(1) आबकारी एक्ट के तहत तीन प्रकरण पंजीबद्ध किए गए।

### सिनगोड़ी में आयोजित लोक सुनवाई में ग्रामीणों ने बताई समस्यसाएं

# शराब की अवैध बिक्री पर कार्यवाही, सड़क बनवाने, ट्रांसफार्मर लगवाने की गई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने गुरुवार को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत सिनगौंडी पहुंच कर यहां आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में 58 ग्रामीणों की समस्याएं सुनी एवं अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम प्रमोद कुमार चतुर्वेदी और सरपंच जयप्रकाश नारायण निगम मौजूद रहे।

लोक सुनवाई सह जनसंवाद के दौरान ग्राम खिरवा स्थित फुटहा टोला, नई बस्ती के ग्राम वासियों ने कलेक्टर श्री यादव को आवेदन देते हुये बताया कि गांव में पारधी आकर अवैध रूप से शासकीय जमीन में बस गये हैं एवं अवैध शराब का निर्माण एवं विक्रय करते हैं। इस वजह से गांव का माहौल खराब हो रहा है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने जिला आबकारी अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही कर शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए।



ग्राम सिनगौड़ी के ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर बदलवाने की मांग करते हुये कहा कि नई बस्ती का ट्रांसफार्मर 1 वर्ष पूर्व जल गया था। परंतु आज तक उसकी जगह दूसरा ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया है। इस वजह से यहां रह रहे लोग बिजली की समस्या से जूझ रहें हैं। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने बिजली विभाग को निश्चित समयावधि में ट्रांसफार्मर बदलकर शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए।

ग्राम खिरवा के ग्रामीणों ने कलेक्टर श्री यादव से मांग की, कि चहला टोला एवं फुटहा टोला, नई बस्ती की रोड को सीधे सिनगौड़ी पिपरिया मुख्य मार्ग में जोड़ दिया जाय। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को निश्चित समयावधि में आवश्यक कार्यवाही कर शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए। लोक सुनवाई के दौरान ग्राम पंचायत सिरोजा गड़रिया निवासी पंचम लाल द्विवेदी, राजेश द्विवेदी एवं अन्य ग्रामीणों ने आवेदन देते हुये कहा कि कुटी मुहल्ला में 48 नलजल उपभोक्ता है। पानी की टंकी एवं पाइप लाइन का कार्य 3 वर्ष पूर्व पूरा किया जा चुका है। परंतु आज तक जल आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। जिससे हम सभी शुद्ध पेयजल से वंचित हैं। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने जल निगम को समय-सीमा में आवश्यक कार्यवाही कर शिकायत का निराकरण के निर्देश दिए।

### गणेश उत्सव एवं विसर्जन के दौरान निगम प्रशासन द्वारा की जाएंगी व्यवस्थाएं

# महापौर ने लिया जायजा, व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण कराने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर में चल रहे गणेश उत्सव पर्व के दौरान नगर के विभिन्न स्थानों के गणेश पंडालों सहित विसर्जन पर्व के दौरान मुख्य जुलूस मार्ग एवं चिन्हित विसर्जन घाटों में निगम प्रशासन के माध्यम से कराई जाने वाली आवश्यक व्यवस्थाओं का गुरुवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी नें जायजा लेते हुए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

महापौर नें सर्वप्रथम नगर के विभिन्न मार्गो एवं गणेश पंडाल स्थलों का निरीक्षण कर पंडालों के आसपास रोजाना पर्याप्त साफ-सफाई व्यवस्था, कीटनाशक दवाओं के छिड़काव, मुख्य मार्गो में अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था के साथ ही आवारा मवेशियों के नियंत्रण हेतु कारगार कार्यवाही करनें के निर्देश अधिकारियों को दिए।



#### मार्ग से हटाएं अतिक्रमण

निरीक्षण के अगले चरण में महापौर श्रीमती सूरी द्वारा लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित हनुमान घाट का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए घाट की सीढ़ियों का निर्माण करानें के निर्देश दिए। महापौर द्वारा पार्षदों की मौजूदगी में मोहनघाट एवं गाटरघाट का निरीक्षण कर जलूस मार्ग से विसर्जन घाट तक पहुंच मार्ग मार्गो के गढ्डों की फिलिंग करानें, मार्ग के बंद स्ट्रीट लाईट के प्वाइंटों को चालू कराते हुए आवश्यकतानुसार स्थाई एवं अस्थाई प्रकाश व्यवस्था सहित समुचित साफ-सफाई करानें के निर्देश दिए। महापौर ने निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए घाटों में पर्याप्त बेरीकेडिंग एवं आवश्यकतानुसार तैराकों सहित अन्य सुरक्षा व्यवस्था मुहैया करानें के साथ ही अतिक्रमण दस्ते को मार्ग के अस्थाई अतिक्रमण को हटाकर सुगम यातायात व्यवस्था मुहैया करानें के निर्देश दिए गए।

#### केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देशों का कराएं पालन

निरीक्षण के दौरान महापौर नें अधिकारियों को केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के दिशा निर्देशानुसार प्रतिमाओं को जल कुंड में ही विसर्जन करानें हेतु प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मूर्तियों के अनुसार छोटे एवं बड़े कुंडों का निर्माण करानें तथा कुंडों की पर्याप्त सफाई व्यवस्था हेतु अतिरिक्त कर्मचारियों की डियूटी लगानें के साथ ही बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु आवश्यकतानुसार हाईड्रा वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित करानें के निर्देश भी उपस्थित अधिकारियों को दिए। इस दौरान महापौर ने गणेश समितियों के पदाधिकारियों एवं नगर के श्रद्धालुओं से नगर निगम द्वारा निर्मित कुंडों में ही प्रतिमा विसर्जन कर पर्यावरण संरक्षण में सहयोग प्रदान करनें का आग्रह किया। महापौर श्रीमती सूरी नें कहा कि नगर में गणेश उत्सव का पर्व पूर्ण हर्षोल्लास एवं श्रद्धाभाव से संपन्न हो इस हेतु निगम प्रशासन द्वारा की जानें वाली समस्त आवश्यक व्यवस्थांए समय रहते पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाए।

# बिना परमिट गेहूं परिवहन पर 44934 रूपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

### कलेक्टर दिलीप यादव के निर्देश पर हुई सख्त कार्रवाई

कृषि उपज मंडी में दलालों, बिचौलियों और व्यापारियों के कुत्सित मंसूबों पर लगाम लगाने के कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा दिये निर्देशों का पालन करते हुये गुरूवार को 261 क्विंटल गेहूँ परमिट के बिना परिवहन करते पाये जाने पर व्यापारी के विरूद्ध मंडी अधिनियम के प्रावधानों के तहत 44 हजार 934 रूपये का जुर्माना लगाया गया है।

कलेक्टर श्री यादव के निर्देश पर गठित निरीक्षण दल ने कृषि मंडी क्षेत्र से गुजर रहे वाहन क्रमांक ए पी 02 टी सी 6111 को रोका और उसकी जांच करने पर पाया कि यह वाहन व्यापारी कृष्णा जायसवाल, पड़वार, स्लीमनाबाद का है। उसमें 261 क्विंटल गेहूं था, जिसे बिना किसी वैध परमिट के ले जाया जा रहा था। इसके बाद व्यापारी श्री जायसवाल के विरूद्ध मंडी अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, पर कार्रवाई करते हुये उन पर कुल 44 हजार 934 रुपये का जुर्माना लगाया गया। जिसमें पांच गुना मंडी शुल्क 33 हजार 278 रुपये, निराश्रित शुल्क 6 हजार 656 रुपये, समझौता शुल्क 5 हजार रुपये शामिल है। यह पूरी राशि तत्काल मंडी खाते में जमा कराई गई। इस निरीक्षण दल में कृषि उपज मंडी समिति के सचिव के.के. नरगांवे, सहायक उप निरीक्षक विनोद त्रिपाठी और सहायक ग्रेड 3 अभय दुबे शामिल थे।

**खबर संक्षेप**



## 13 दुकानदारों से 2600 रुपये का वसूला जुर्माना

**कटनी।** निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर निगम प्रशासन के अतिक्रमण अमले द्वारा सार्वजनिक स्थलों एवं मार्गो में अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वालों पर जुर्माने की कार्यवाही की जाकर नागरिकों को बेहतर आवागमन की सुविधा प्रदान करने के प्रयास निरंतर जारी है। इसी क्रम में निगम के अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह की उपस्थिति में गुरुवार को नगर निगम के नदीपार स्थित दीनदयाल बस स्टेंड परिसर में अतिक्रमण अभियान चलाया गया। इस दौरान यात्री प्लेटफार्म में अतिक्रमण कर दुकानों का व्यवसाय कर गंदगी एवं अव्यवस्था फैलानें पर 13 दुकानदारों पर 2600 रूपये की चालानी कार्यवाही की जाकर यात्री प्लेटफार्म को खाली कराते हुए पुनः अतिक्रमण करनें पर सामग्री जब्त करनें की कार्यवही करनें की हिदायत दी गई। अतिक्रमण प्रभारी नें बताया कि कार्यवाही के दौरान बस स्टेंड परिसर के अन्य ठेले एवं टपरे वालों सहित आटो चालकों को निर्धारित स्थलों पर ही अपनें ठेले टपरे एवं वाहन खड़ा कर बस स्टेंड की आवागमन व्यवस्था को सुचारू रखनें में सहयोग प्रदान करनें की हिदायत भी दी गई।

## आत्मानुभूति का महापर्व है दशलक्षण पर्युषण पर्व



**कटनी।** दि.जैन समाज पंचायत महासभा के तत्वाधान में पर्यूषण पर्व के प्रथम दिवस जैन बोर्डिंग हाउस में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुये पदम सागर महाराज ने कहा कि आत्मानुभूति का महापर्व है दशलक्षण पर्यूषण पर्व हम इसे अनादिकाल से परंपरा अनुसार मनाते आ रहे है और आगे भी मनाते रहेंगे। क्यों कि इसका संबंध आत्मा और उसकी विशुद्धी से है। इसलिये इसे जैन धर्म के अनुयायियों द्वारा विशेष रूप से मनाया जाता है। यह हमें आत्मा और शरीर से भेद-विज्ञान करना सिखाता है। मुनिश्री ने आगे बतलाया कि पाप से बचने का और भव बंधन से छूटने का सबसे अच्छा उपाय है इसलिऐ इसे जैन परंपरा में दशलक्षण पर्व पर्वाधिराज भी कहा जाता है। इस अवसर पर पार्श्वनाथ दिग. जैन पंचायती बड़ा मंदिर, चन्द्रप्रभ दिग.जैन सिंघई मंदिर, पार्श्वनाथ दिग.जैन हाउसिंग बोर्ड मंदिर, शांतिनाथ दिग.जैन रूंगटा कॉलोनी जैन मंदिर, पार्श्वनाथ दिग.जैन पंचायती कांच मंदिर, मुनिसुव्रतनाथ दिग.जैन पंचायती गौशाला मंदिर, चन्द्रप्रभ दि.जैन बंगला मंदिर, चेतनोदय कैलवारा झुरही स्थित मुनिसुव्रत नाथ चेतनोदय तीर्थक्षेत्र जैन मंदिर में प्रातः श्रावक-श्राविकाओं द्वारा महामस्तकाभिषेक, पूजन, आरती कर धर्मलाभ लिया ।

## आदिवासी मोहल्ला में नशा मुक्ति का दिया संदेश एवं दिलाई शपथ



**बड़वारा।** बड़वारा थाना अंतर्गत थाना प्रभारी के के पटेल के निर्देशानुसारग्राम भ्रमण दौरान ग्राम विलायत कला के आदिवासी मोहल्ला में जाकर जिला मुख्यालय से नशा मुक्ति अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा द्वारा चलाई जा रही मुहिम के अंतर्गत बड़वारा थाना प्रभारी केके पटेल एवं कर्मचारियों के द्वारा बच्चों महिलाओं एवं पुरुषों को शराब न पीने की शपथ दिलाई गई एवं बच्चों को प्रतिदिन स्कूल जाना, मन लगाकर पढ़ाई करना, शिक्षा के अपने जीवन में आने वाले फायदे बताए गए एवं वर्तमान में हो रहे ऑनलाइन साइबर फ्रॉड एवम रोकथाम के उपाय बताए गए।

### कीटनाशक दवाओं की वृद्धि से किसानों को लग रही चपत, महंगाई बढ़ा रही परेशानी

# खरीफ सीजन की फसलों पर खरपतवार एवं कीटों का प्रकोप, महंगाई से बढ़ा आर्थिक बोझ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



खरीफ सीजन के तहत किसान अपने खेतों में बोवनी के बाद अंकुरित हुई फसल में उगे कचरे को नष्ट करने के लिए खरपतवारनाशक दवाओं का छिडक़ाव इन दिनों कर रहे हैं ताकि आने वाली फसल रोग मुक्त हो सके और कचरा नष्ट होने से फसल की अच्छी पैदावार हो सके। हालांकि उन पर आर्थिक बोझ भी पड़ रहा है। इसका कारण साल दर साल दवाओं के दाम में मनमानी बढ़ोतरी है। पिछले साल की तुलना में इस साल खरपतवारनाशक में 200 से 500 रुपए प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी हो गई है।

क्षेत्र में बारिश होने के बाद किसान सभी जगह गांव-गांव में अपनी उड़द, धान आदि फसलों में खरपतवार नाशक और कीटनाशक दवाओं का छिडक़ाव कर रहे हैं। फसल के साथ खेतों में उगने वाली खरपतवार और कीटों से फसल को बचाने के लिए किसानों को समय-समय पर दवाओं का छिडक़ाव करना पड़ता है। किसानों को बड़ी मात्रा में खरपतवार और कीटनाशक खरीदनी पड़ती है लेकिन साल दर साल दवाओं की कीमत बढने से किसानों की चिंता बढ़ गई है।

पिछले एक साल में खरपतवार और कीटनाशक दवाओं के दाम में वृद्धि हुई है। इसका सीधा असर किसानों के बजट पर पड़ रहा है, बावजूद इसके जिम्मेदारों का इस ओर कोई ध्यान नहीं हैं।

खरीफ सीजन में खेतों की खरपतवार नष्ट करने के लिए किसानों खरपतवार नाशक दवा का छिडक़ाव करना पड़ता है। एक साल पहले खरपतवार नाशक दवा 1300-1400 रुपए, कई कंपनियों की 2000-3000 रुपए प्रति लीटर तक मिलती थी। दवा बनाने वाली लगभग हर कंपनी ने इस साल कई प्रतिशत तक कीमत में वृद्धि कर दी है। अब यही दवा किसानों को 1400-1600 रुपए व 2000-3500 रुपये प्रति लीटर मिल रही है। इससे किसानों पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है। इसी तरह कीटनाशक दवाओं के मूल्य में भी वृद्धि हुई है। इसका सीधा असर फसल के लागत मूल्य पर पड़ रहा है जिस तेजी से लागत बढ़ रही, उपज का भाव वैसा नहीं मिल रहा है।

किसान रामनारायण यादव,राकेश साहू, जितेंद्र ठाकुर,शिबलाल यादव आदि ने बताया कि जिस तेजी से फसल का लागत मूल्य बढ़ रहा है उसके मुताबिक उपज के मूल्य में वृद्धि नहीं हो रही है। इसलिए खेती लाभ के बजाए नुकसान का धंधा बनती जा रही है। खाज, बीज, कृषि उपकरण के साथ खरपतवार और कीटनाशक दवाओं के मूल्य में वृद्धि के किसान आर्थिक रूप से कमजोर होते जा रहे हैं यानि खेती मैं सिर्फ लागत लगाना बस रह गया है।

### इनका कहना है

वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी बहोरीबंद आर के चतुर्वेदी का कहना है कि वर्तमान समय में खरीफ सीजन की फसलों पर खरपतवार व कीटों का प्रकोप है। फसलों को बचाने के लिए कीटनाशक दवाओं का उपयोग जरूरी है, नही तो फसल उत्पादन प्रभावित होगा। कम्पनियों के द्वारा मूल्य निर्धारण किया जाता है। फिर भी किसानों को शासन स्तर से कीटनाशको दवाओं पर अनुदान प्रदान किया जा रहा है। कृषक सिर्फ कीटनाशक दवाओं का पक्का बिल लेकर कृषि विभाग को उपलब्ध कराए तो पांच एकड़ भूमि पर एक हजार रुपये का अनुदान शासन स्तर से दिया जाएगा।



## हर वर्ष 1 जनवरी को निर्वाचन नामावली का होगा पुनरीक्षण

**जनपद सभागार मे आयोजित हुआ प्राधिकृत अधिकारियों का प्रशिक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

बहोरीबंद जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत निर्वाचन नामावली का पुनरीक्षण प्रशिक्षण जनपद पंचायत सभागार बहोरीबंद मे गुरुवार को आयोजित हुआ। सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी राजकुमार नामदेव ने प्राधिकृत अधिकारियों को कहा की पंचायत निर्वाचन नामावली का पुनरीक्षण 1जनवरी की स्थिति मे किया जाना है! सभी लोग निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्य करे। मास्टर ट्रेनर्स विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मनोज गर्ग ने प्राधिकृत अधिकारियों को बताया की यह पुनरीक्षण कार्यक्रम 25 अगस्त से 14 नबंबर तक चलेगा। ग्राम पंचायत की 1 जनवरी 2023 निर्वाचन नामावली को 1 जनवरी 2025को आद्यतन विधानसभा निर्वाचन नामावली के संवर्धन, विलोपन व संशोधित सूची से पंचायत निर्वाचन नामावली मे शिफ्टिंग व सत्यापन किया जावेगा। यह कार्यक्रम तीन चरणों मे संपन्न होगा। पहले कन्ट्रोल टेबल सत्यापन दूसरा शिफ्टिंग सत्यापन तीसरा चरण दावे आपत्ति का होगा। इसमे ER 1,ER 2,ER 3,ER 4 प्रारुप दि 8अक्टूबर से 17अक्टूबर तक दावे आपत्ति प्राप्त की जावेगी ।आपत्ति निराकरण उपरांत अंतिम निर्वाचन नामावली का प्रकाशन 14 नवंबर को मतदान केंद्र मे किया जावेगा। प्रशिक्षण मे मास्टर ट्रेनर्स महेंद्र राय, विकासखण्ड पंचायत अधिकारी मोहन सिंह, सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**गणेश चतुर्थी पर मिली डेकोरेटिव लाइट की बड़ी सौगात**

## गणेश चौक से व्हीआईपी मार्ग की सड़कों पर चमक बिखेर रहीं डेकोरेटिव लाइट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



गणेश चतुर्दशी के पावन अवसर पर गणेश चौक में विराजित भगवान श्री गणेश के दर्शन हेतु आने- जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा एवं समुचित प्रकाश व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा बुधवार शाम गणेश चौक से व्हीआईपी मार्ग में नव स्थापित स्मार्ट डेकोरेटिव पोल का बुधवार को अनावरण किया जाकर श्रद्धालुओं को सौंपा गया।

अनावरण कार्यक्रम के दौरान जैसे ही महापौर श्रीमती सूरी एवं क्षेत्रीय पार्षद मौसूफ बिट्टू द्वारा स्विच दबाकर पोल की लाइट चालू की गई गणेश चौक से व्हीआईपी मार्ग तक की पूरी सड़कें स्मार्ट डेकोरेटिव लाइट की चमक से जगमगाने लगीं।

अनावरण पश्चात महापौर श्रीमती सूरी एवं पार्षद मौसूफ अहमद बिट्टू द्वारा नगर निगम के माध्यम से लगाए गए डेकोरेटिव पोलो का निरीक्षण स्थानीय नागरिकों एवं श्रद्धालुओं की मौजूदगी में करते हुए कहा कि नगर के प्रमुख मार्गों को और अधिक सुंदर बनाने के लिए बी डी अग्रवाल वार्ड एवं गुरुनानक वार्ड के मुख्य मार्गों में स्मार्ट डेकोरेटिव लाइट पोल लगाए जा रहे हैं। नगर की सुंदरता को बढ़ावा देने हेतु आगे भी शहर के अन्य मुख्य मार्गो और चौराहों पर भी स्मार्ट डेकोरेटिव पोल लगाए जानें की कार्यवाही की जायेगी।

इस दौरान श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों ने नगर विकास और सुंदरता हेतु महापौर एवं क्षेत्रीय पार्षद के नवाचार पर कराए जा रहे स्मार्ट डेकोरेटिव पोल के कार्य की मुक्त कंठ से प्रशंसा की जाकर स्मार्ट डेकोरेटिव स्ट्रीट लाइट की सौगात प्रदान करने पर महापौर प्रीति संजीव सूरी एवं क्षेत्रीय पार्षद मौसूफ अहमद बिट्टू को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

इसके पूर्व अनावरण कार्यक्रम में पहुंची महापौर श्रीमती सूरी एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा गणेश चौक में विराजित भगवान श्री गणेश के दर्शन लाभ प्राप्त कर नगर वासियों के सुख समृद्धि की कामना की गई।

इस दौरान सुभाष साहू, पार्षद वंदना यादव, भावेश अग्रवाल, नरेन्द्र सिंह सहित निगम के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## भगवान गणेश का पूजन कर महापौर ने लिया आशीर्वाद



गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर नगर निगम कार्यालय में विराजित भगवान श्री गणेश का पूजन-अर्चन महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा श्रद्धा एवं भक्ति भाव से किया गया। इस अवसर पर महापौर ने नगर के सभी नागरिकों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं मंगलमय जीवन की कामना की। इस दौरान नगर निगम अध्यक्ष श्री मनीष पाठक की भी विशेष मौजूदगी रही। महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि भगवान गणेश विघ्नहर्ता और मंगलकर्ता हैं। उनके पूजन से सभी कार्य सफल होते हैं और नगर में खुशहाली का वातावरण बनता है। उन्होंने नगर वासियों से भी आह्वान किया कि गणेशोत्सव को उत्साह, श्रद्धा एवं स्वच्छता के साथ मनाएं तथा पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखते हुए मिट्टी से बनी प्रतिमाओं की स्थापना करें। पूजन के दौरान रमेश सोनी, सुभाष साहू, जयनारायण निषाद, गोविंद चावला, सुरेंद्र गुप्ता, सहित कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, सहायक यंत्री सुनील सिंह, उपयंत्री अश्वनी पांडे, कार्यालय अधीक्षक नागेंद्र पटेल, आलोक तिवारी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर भगवान गणेश से नगर की प्रगति, शांति और विकास की प्रार्थना की।

## नेशनल लोक अदालत 13 सितंबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

नालसा एवं मध्य प्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग के निर्देशानुसार शनिवार 13 सितंबर 2025 को नगर में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के दौरान नगर निगम के करदाताओं को संपत्ति कर, जल प्रभार तथा अन्य उपभोक्ता प्रभार के सरचार्ज में छूट प्रदान की जाना है। नेशनल लोक अदालत का अधिक से अधिक करदाताओं को लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक और निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे के निर्देश पर नगर निगम द्वारा नगर के विभिन्न पांच स्थलों में नेशनल लोक अदालत शिविरों का आयोजन किया जाकर अधिक से अधिक करदाताओं को शासन द्वारा प्रदत्त छूट से लाभान्वित करने के प्रयास किए जाएंगे।

राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक ने बताया कि शासन निर्देशानुसार संपत्ति कर के ऐसे मामले जिनमें कर और अधिभार की राशि 50 हजार रुपए तक बकाया है उस पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। इसी तरह संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमे कर और अधिभार की राशि 50 हजार रुपये से अधिक और 01 लाख रुपये तक बकाया है, ऐसे मामलों में मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। इसके साथ ही संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर और अधिभार की राशि 01 लाख रुपए से अधिक बकाया है पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी।

जल प्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार के ऐसे मामले जिनमें जल प्रभार और अन्य उपभोक्ता प्रभार तथा अधिभार की राशि 10,000 तक बकाया है पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। जल प्रभार और अन्य उपभोक्ता प्रभार के ऐसे मामले जिनमें जल प्रभार और अन्य उपभोक्ता प्रभार तथा अधिभार की राशि 10000 रुपये से अधिक तथा 50000 रुपये तक बकाया है ऐसे मामलों में केवल अधिभार में 75 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। इसी तरह जल प्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार के ऐसे प्रकरण जिनमें जल प्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार तथा अधिभार की राशि 50,000 से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यह छूट मात्र एक बार ही दी जाएगी। आगामी 13 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के लिए यह छूट वित्तीय वर्ष 2024-25 तक की बकाया राशि पर देय होगी।

**पंडालों एवं घरों में पंचम महायोग के संयोग पर श्रीगणेश की स्थापना**

## गणेशोत्सव पर्व पर दस दिनों तक गणपति की भक्ति आराधना में लीन रहेंगे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

एकदंत,विनायक, दुखहर्ता ,प्रथम पूज्य देव भगवान गणेश का दस दिवसीय गणेशोत्सव का पावन पर्व बुधवार गणेश चतुर्थी से शुरू हो गया जो दस दिनों चलेगा। दस दिनों तक प्रथम पूज्य देव गजानन की भक्ति आराधना मैं लोग लीन रहेंगे। बुधवार को घर-घर व पंडालों मैं भगवान गणेश विराजित हुए।

### प्रतिमाएं ले जाने चला क्रम

सुबह से लेकर देर शाम तक गणेश प्रतिमाओं की स्थापना का दौर चलता रहा। लोग गाजे बाजे के साथ गणेश प्रतिमाओं को मूर्तिकारो के यहां से लेकर प्रतिमा स्थापना स्थल तक ले गए। गणेश प्रतिमाओ को दो पहिया ओर चार पहिया वाहनों मै लें जाने का क्रम देर शाम तक चलता रहा।



इस दौरान जय गणेश,गणपति बप्पा मोरिया की जयघोष गुंजायमान हो रही थी। दस दिवसीय गणेशोत्सव पर्व को लेकर विभिन्न पांडालों व गणेश मंदिरों पर आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है। बुधवार को स्लीमनाबाद तहसील मुख्यालय के बाजार में प्रतिमा व पूजन सामग्री की खरीददारी के लिए भीड़ लगी रही। तहसील के प्रमुख चौराहों व अन्य जगहों पर आयोजन समितियों द्वारा आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित की गई है। पांडालों में प्रतिदिन धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया कि इस बार गणेश स्थापना पर बुधवार का संयोग रहा है। भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि दिन बुधवार को विघ्नकर्ता गणेश जी का प्राकटय हुआ था। इस योग में गणपति के विघ्नेश्वर रूप की पूजा करने से इच्छित फल मिलता है।गणेश चतुर्थी पर इस बार पंचम महायोग का संयोग रहा जिसमें सर्वार्थ सिद्दि योग, रवि योग, प्रीति योग, इंद्र योग ओर ब्रह्मा योग शामिल रहे। प्रथम पूज्य देव गणेश का जन्म भादो मास की चतुर्थी के दिन दूसरे प्रहर मैं हुआ था।

**आठ सूत्रीय मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम सौंपा गया ज्ञापन**

## मतदाता सूची 2025 में त्रुटियों को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




कांग्रेस द्वारा गुरुवार को मतदाता सूची 2025 में पाई जा रही त्रुटियों एवं अनियमितताओं को लेकर राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन कलेक्टर कार्यालय के माध्यम से राज्यपाल को प्रेषित किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष अमित शुक्ला ने बताया कि जनवरी 2025 में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रकाशित मतदाता सूची में कई तरह की विसंगतियां सामने आई हैं, जिसके चलते मतदाताओं एवं राजनीतिक दलों के बीच भ्रम की स्थिति निर्मित हो रही है।

उन्होंने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कर्नाटक एवं बिहार सहित अन्य राज्यों में मतदाता सूची के शुद्धिकरण को लेकर अभियान चलाया है और बड़े पैमाने पर सामने आई अनियमितताओं का विरोध किया है। इसी क्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर पूरे प्रदेश में कांग्रेसजनों को मतदाता सूची के शुद्धिकरण की मांग उठाने को कहा गया है। ज्ञापन के माध्यम से जिला कांग्रेस कमेटी ने निर्वाचन अधिकारियों से जनवरी 2025 को जारी सूची में प्रारूप-6 के आधार पर जोड़े गए सभी नामों की बूथवार और विधानसभा क्षेत्रवार सूची प्रकाशित की जाए।

प्रारूप-7 के अनुसार हटाए गए नामों की सूची भी सार्वजनिक की जाए। जिन मतदाताओं ने अपना नाम अन्य विधानसभा में स्थानांतरित कराया है, उनकी जानकारी प्रकाशित हो। जिन मतदाताओं का निधन हो चुका है, उनके नाम सूची से हटाकर विवरण अलग से उपलब्ध कराया जाए। एक ही मकान में 10 से अधिक मतदाता पंजीकृत पाए जाने पर उनकी अलग सूची तैयार कर कांग्रेस बीएलए को सत्यापन हेतु उपलब्ध कराई जाए। दोहरे नामों की अधिकता को ध्यान में रखते हुए डुप्लीकेट वोट डिलीशन सॉफ्टवेयर का उपयोग कर नाम विलोपित किए जाएं। मतदाता सूची को फोटो सहित प्रकाशित किया जाए। मतदाता सूची को डिजिटल मशीन रीडेबल फॉर्मेट में उपलब्ध कराया जाए।

जिला कांग्रेस कमेटी ने मांग की है कि उपरोक्त सभी बिंदुओं पर शीघ्र और ठोस कार्रवाई करते हुए मतदाता सूचियों का शुद्धिकरण किया जाए ताकि आगामी चुनावों में किसी भी प्रकार की अनियमितता न रहे और मतदाताओं के अधिकार सुरक्षित रह सकें।

जिला कांग्रेस कमेटी (शहर) के अध्यक्ष एडवोकेट अमित शुक्ला ने कार्यकर्ता पदाधिकारीयों के साथ मिलकर महामहिम राज्यपाल के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमित शुक्ला, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष सौरभ सिंह, जिला महिला कांग्रेस ग्रामीण माधुरी जैन, प्रदेश प्रवक्ता सुनील मिश्रा, पिछड़ा वर्ग ग्रामीण अध्यक्ष सुनील कुशवाहा, बीएम तिवारी, जिला युवा कांग्रेस अंशु मिश्रा, जालिम यादव, ईश्वर दास वहरानी, सुरेंद्र मिश्रा,अजय गोटिया, कमलेश यादव, मोहसूस अहमद बिट्टू, श्याम यादव, श्याम पाहुजा, नारायण निषाद, शकील भाई जान, आफताब अहमद , माधवेंद्र सिंह, शशि शेखर भारद्वाज, विनय दहिया,दिग्विजय सिंह, राजेश जाटव, नरेंद्र राय, शेख ,आनंद पटेल, कमल पांडे, सिकंदर आजाद, अभय खरे, पंकज सोनी आदि की उपस्थिति रही।

## कीटनाशक छिड़काव के साथ फागिंग मशीन से किया धुआं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर में कहीं भी संक्रामक बीमारियों का फैलाव न हो और आम नागरिक भी मच्छर जनित मौसमी बीमारी से सुरक्षित रहें, इसके लिए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे के निर्देश पर नगर निगम द्वारा लगातार वार्डवार पॉवर स्प्रे मशीन एवं हैण्ड स्प्रे मशीन के माध्यम से कीटनाशक दवाई का सघन रूप से छिड़काव लगातार नगर निगम द्वारा कराया जा रहा है। वहीं रोजाना वार्डों में व्यापक रूप से फागिंग मशीन से रासायनिक धुआं छोड़ने का कार्य भी हो रहा है।

स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर डेंगू, मलेरिया एवं अन्य संचारी बीमारी की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाकर विगत दिवस विभिन्न वार्ड में कीटनाशक दवा का छिड़काव एवं फॉगिंग कार्य



कराया गया है।

स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्रमांक 17 की विभिन्न गलियों में फॉगिंग मशीन के माध्यम से कीटनाशक धुएँ का छिड़काव किया गया। गुरुवार को रामजानकी हनुमान वार्ड क्रमांक 18 के प्रेम नगर,गणेश मूर्ति पंडालों के आस-पास सहित विभिन्न गलियों में कीटनाशक दवा का छिड़काव कराया जाकर संक्रमित बीमारियों से बचाव के प्रयास किए गए।

### शिक्षित बेरोजगारों को हर संभव राहत का दिलाया भरोसा

**अमानगंज।** बीते लम्बे समय से पढे लिखे होनहार युवा वर्ग जो रोजगार की तलाश में भटक रहे थे, उन्हे हर संभव राहत दिलाने के उद्येश्य लेकर अमानगंज नगरीय ज्वाला देवी वार्ड नं. 04 निवासी भूपेश लखेरा के माध्यम से जे.के. सीमेंट द्वारा सर्पोटेड क्लब के तहत भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट फायनेंस द्वारा उम्र 18 से 35 वर्ष तक के बेरोजगार युवाओं को शासकीय बैंकों को व्यवसाय कार्य हेतु लोन दिलवाने में हर संभव सहायता मिलती है, उच्च शिक्षा प्राप्त भूपेश लखेरा के माध्यम से जमीनी स्तर पर गाँव, ग्रामवासी युवाओं को स्थायी सूक्ष्य लघु उद्यमों के निर्माण में भारतीय युवा वर्ग के बीच परामर्श व समर्थन करने का मूल्य उद्येश्य सावित हो रहा है। बीते दिवस मध्यप्रदेश राज्य पत्रित अधिकारी संघ पन्ना के आजीवन सदस्य/ जिला प्रवक्ता डॉ. एम.पी. पाण्डेय ने ज्वाला देवी प्रांगण में मीडिया को बताया है कि भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट फायनेंस के माध्यम से प्रतिवर्ष 35-40 युवा वर्ग लाभान्वित हाते है, जो ट्रस्ट के समर्थन व परामर्श द्वारा विभिन्न स्तर के उद्यमों के निर्माण व स्वयं के पैरों पर खडे होकर रोजी रोटी प्राप्त करने के साथ ही आम जन मानस की सेवा में अग्रसर है। उक्त सार्थक पहल स तहसोल मुख्यालय अमानगंज सहित पन्ना जिले की पृथक-पृथक 10 तहसील मुख्यालय, सहित पाँचों जनपद मुख्यालय से जुडे आम जनता जनार्दन को राहत मिल रही है। ऐसी स्थिति में पन्ना जिले के न्यायप्रिय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुरेश कुमार सहित शासन/प्रशासन तंत्र बधाई के पात्र है।

### दो समुदाय के बीच उपजे विवाद में सामंजस्य बनाने थाने में जिले के अधिकारियों ने की बैठक आयोजित

# सांप्रदायिक सौहार्द्र बनाने की जिम्मेदारी सभी को लेनी पड़ेगी: एडिशनल एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



नगर में विगत मंगलवार को मुस्लिम समुदाय के युवा द्वारा सोशल मीडिया पर लव जिहाद को लेकर किए गए कमेंट से उपजे विवाद को लेकर हटा में दोनों समुदाय के बीच तनाव की स्थिति निर्मित हो गई थी जहां कलेक्टर एसपी ने मौके पर पहुंचकर दोनों के बीच सामंजस्य बनाने का प्रयास कर पुलिस में दोनों पक्षों पर एफआईआर दर्ज कर कुछ आरोपियों को जेल भेजकर जांच की जा रही है।

लेकिन अब नगर में दोनों समुदाय के बीच ऐसी स्थिति द्वारा निर्मित न हो इसके लिए गुरुवार की दोपहर पुलिस थाना हटा में अपर कलेक्टर मीना मसराम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया ने एसडीएम राकेश मरकाम, तहसीलदार उमेश तिवारी, एसडीओपी प्रशान्त सिंह सुमन,थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय की उपस्थिति में दोनो पक्षों के गणमान्य जनो के बीच चर्चा कर शांति सौहार्द बनाए रखने अपील की जहां उपस्थित दोनों पक्षों के लोगों ने अपने-अपने सुझाव दिए।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया ने दोनों समुदाय के लोगों से कहा कि नगर में सांप्रदायिक सौहार्द्र बनाने की जिम्मेदारी आप सभी दोनों समुदाय को लेनी पड़ेगी आप सभी हल निकालने का प्रयास करें नहीं तो परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहें उन्होंने कहा कि अब अंतिम बार आगाह किया जा रहा है अब मौका नहीं दिया जाएगा। समाज की जिम्मेदारी आप समाज के जिम्मेदारों को लेनी पड़ेगी गुटबाजी बंद कर भाईचारा बनाए रखें, नहीं तो शांति व्यवस्था बनाने एवं आरोपियों को चिन्हित करने के लिए पुलिस व्यवस्था है। पुलिस-प्रशासन ने अपना मैसेज देने के लिए यह बैठक आयोजित की है।

उन्होंने बैठक में आगे बताया कि हटा में सोशल मीडिया व्हाट्सएप ग्रुपों पर यहां कुछ चल रहा है उसे आप लोग चिन्हित कर पुलिस को नाम बताएं हम उन पर लगाम लगाएंगे और उनके खिलाफ कार्यवाही करेंगे। अब आमने-सामने की स्थिति बिल्कुल बंद हो पुलिस सख्ती से कार्यवाही करके दिखाएंगी। आप लोगों को क्या करना है यह आप ही तय कर लें ताकि स्थाई हल हो सकें और हटा में पुरानी कौमी एकता की मिसाल बनी रहे। जो युवा पीढ़ी अपने रास्ते से भटक गई है उन्हें सही रास्ते पर लाने का प्रयास करें।

वही एसडीओपी प्रशांत सिंह सुमन ने कहा कि दोनों समुदाय अपनी-अपनी समाज में सहमति बनाकर कमेटी बनाकर जिम्मेदारी लें और ऐसा न हो कि कमेटी से बाहर के लोग इस चीज की डील कर रहे हैं और जिम्मेदार लोग नहीं बोल रहे हैं। बैठक में अपर कलेक्टर मीना मसराम ने समझाइश देते हुए कहा कि अब इस प्रकार का माहौल निर्मित न हो समाज में ऐसा माहौल बनाएं कि समाज के युवा बड़ों की बात मानें और जो जिम्मेदारों की बात नहीं मानते तो उसकी कोई सिफारिश व सहायता न करें पुलिस उन पर कार्यवाही करेगी।

**दोनों पक्षों ने रखे सुझाव -**

आयोजित बैठक में दोनों पक्षों के लोगों ने अधिकारियों की समक्ष अपने-अपने सुझाव रखे जिसमें हिन्दू संगठन से पुष्पराज शर्मा, बबलू राय हरिशंकर साहू, भरत राय, सुनील राय, दीपेश पटैरया के अलावा पवन ठाकुर ने कहा कि मंगलवार को तनाव की स्थिति निर्मित होने से पूर्व थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय को सूचित किया गया था लेकिन उन्होंने गंभीरता से नहीं लिया जिससे दोनों पक्षों के बीच यह स्थिति निर्मित हुई, मुस्लिम समुदाय द्वारा पत्थर बाजी किए जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि तुरंत ही मौके पर पत्थर कहां से प्राप्त हुए जिसकी पुलिस को जांच करनी चाहिए कौन-कौन लोग थे उन्हें चिन्हित कर कार्यवाही की जाएं वही बबलू राय ने कहा कि अब यदि कोई पत्थर बाजी गाली गलौज करेगा तो हिंदू संगठन बर्दाश्त नहीं करेगा उसका जवाब देगा। हरिशंकर साहू ने कहा कि दोनों पक्षों में शांति बनाए रखने के लिए सभी वर्ग समाज के लोगों की कमेटी बनाकर एक बैठक आयोजित की जाए और सभी को जिम्मेदारी सौंपी जाए इसके बाद यदि स्थिति नहीं बनती है तो फिर माहौल बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाए। वहीं यासीन खान मजीद खान ने सुझाव देते हुए कहां कि मंदिर मस्जिद चौराहे पर किसी भी समुदाय के त्योहारों पर प्रदर्शन किए जाने से रोक लगाई जाए इन सभी सुझावों को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने आगामी बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में तय करने की बात कही। बैठक के दौरान विजय बजाज, सौरभ नेमा, भोले सराफ, सोमिल हजारी, रवि सोनी, अंकुश खटीक, गर्वेश राजपूत, रसूल खान, रशीद अहमद सिद्दीकी, हाजी अब्दुल गनी के अलावा दोनों समुदाय के प्रमुख लोगों की उपस्थिति रही।

## बाल विवाह से वर-वधू और आने वाले बच्चे का जीवन संकट में होता है: राज्यमंत्री



जबेरा

जनपद पंचायत जबेरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम मजगुवा मानगढ़ में गुरुवार को अंतरा फाउंडेशन द्वारा बच्चों के टीकाकरण एवं बाल विवाह रोकथाम को लेकर कार्यक्रम का आयोजन राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में नाटक के माध्यम से लोगों को बाल विवाह न करने एवं समय पर टीकाकरण के संबंध में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जबेरा विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन में संस्कृति पर्यटन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि बाल विवाह होने के कारण कम उम्र में बच्चों के ऊपर बोझ आ जाता है और गर्भावस्था में कमजोरी एवं विभिन्न प्रकार की समस्याएं सामने आती हैं जिससे कि नाबालिक बधू एवं आने वाले बच्चे पर संकट बना रहता है बच्चों का समय पर टीकाकरण करवायें जिससे बच्चा स्वस्थ एवं निरोगी रहें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष रिंकू जैन, पंडित उमाशंकर शास्त्री, पूर्व मंडल अध्यक्ष शीतल राय, सत्यपाल सिंह, सुभाष अहिरवाल सरपंच बनवार, सरपंच नवल सिंह,सहायक सचिव राजेश सिंह, मिठ्ठू सिंह, मणिशंकर शर्मा, सुरेन्द्र लोधी, अमन जैन सहित बड़ी संख्या

## गणेशोत्सव शुरु

दमोह। प्रतिवर्षानुसार टाईम्स महाविद्यालय में गणेशोत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। इसमेंछात्रों द्वारा स्वयं गणेश प्रतिमा का निर्माण महाविघालय परिसर में किया गया। विधिवत पूजन अर्चन के साथ



श्रीगणेशजी विराजे। दस दिवसीय गणेशोत्सव कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। जिसमें आगामी दस दिवस में क्रमशः क्विज, मेंहदी,भजन,खेल,फेंसी ड्रेस आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। इस क्रम में आज प्रथम दिवस रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बीए-बीएड की छात्रा रिया पटैल ने प्रथम स्थान अर्जित किया, रंगोली प्रतियोगिता की निर्णायक श्रीमति सूर्या ठाकुर रहीं। प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में प्रमुख भूमिका सुश्री रवीना सूर्यवंशी एवं सोनुकाला रिया मेडम की रही। महाविद्यालय के डायरेक्टर सुशील गुप्ता, श्रीमति सुनीता गुप्ता, एवं प्राचार्या डा. मनजीत कौर साहनी द्वारा समस्त नगरवासियों को गणेशोत्सव की बधाई दी गयी।

# निर्धारित जगह से सड़क न बनाकर कृषकों की भूमि में बनाई जा रही प्रधानमंत्री सड़क!

### निर्माण कार्य रोकने किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

अनुविभाग की तहसील पटेरा क्षेत्र में कुम्हारी के ग्राम चीलघाट में मुख्यमंत्री सडक योजना के तहत कुम्हारी से चीलघाट जाने हेतु प्रधानमंत्री सडक निर्माण स्वीकृत किया गया जो निर्धारित स्थान से न बनाकर कृषकों की निजी भूमि पर जबरदस्ती बिना सूचना दिए सड़क बनाई जा रही है जिसे रोकने ग्राम के किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर सड़क कार्य रोके जाने की मांग की है। ज्ञापन में किसानों ने उल्लेख कर बताया कि पूर्व में ग्राम में कच्ची रोड सेर बनी है जिसमें से वाहन व ग्राम के लोगो का आवागमन होता है जो शासकीय भूमि पर है। लेकिन सडक निर्माण निर्धारित सेर में नही बनाई जा रही है बल्कि किसानों की कृषि भूमि में सडक निर्माण किया जा रहा है जिसमें सडक निर्माण में लघु कृषकों की भूमि जा रही है और न ही निर्माण के पूर्व न तो कृषकों से सलाह मशविरा किया गया है न ही भूमि अधिग्रहण किया गया हैं जिस कारण किसानों की संपत्ति खुर्द बुर्द की जा रही है। ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने निवेदन किया कि मौके पर जांच कर पूर्व से शासकीय रास्ते पर सड़क निर्माण कराया जाए और कृषकों की भूमि पर किए जा रहे सडक निर्माण पर रोक लगाई जाए। ज्ञापन देने वालों में भगवत सिंह, लखनसिंह, थान सिंह , रोहित, गोविंदसिंह, परसराम महेश साहित्य दर्जनों किसानों की उपस्थिति रही।

## स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**दमोह।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत पीजी कॉलेज में एक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कॉलेज में अध्यनरत 50 छात्र-छात्राओं का प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण विशेषकर हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर की जांच की गई। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने छात्र-छात्राओं से मानसिक स्वास्थ्य एवं पोषण, एनीमिया, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर संवाद कर संबंधित मुद्दों पर उपयोगी जानकारी प्रदाय की गई। उन्हे जिला चिकित्सालय एवं सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में संचालित उमंग क्लीनिक में स्वास्थ्य परामर्शदाताओं द्वारा किशोर स्वास्थ्य एवं समस्याओं से संबंधित परामर्श सेवाओं तथा आयुष्मान कार्ड, हेल्थ आईडी कार्ड




के बारे में अवगत कराया। डॉ. चटर्जी ने मौजूद छात्र-छात्राओं से मानसिक स्वास्थ्य के स्वयं मूल्यांकन में उपयोगी मनहित ऐप के बारे में जानकारी साझा की गई। इस दौरान डीसीएम ऋषि राज, एपीएम-डीईआईएम नरेश राठौर, आरकेएसके को-ऑर्डिनेटर महेंद्र मिश्रा, आरबीएसके मेडिकल ऑफिसर डॉ. रामेश्वर पटेल, डॉ. आरती पटेल, आरकेएस के काउंसलर विधि गुप्ता वहीं संजीवनी क्लिनिक से सपोर्ट स्टाफ के साथ पीजी कॉलेज के प्राचार्य एवं व्याख्याताओं की उपस्थिति रही।

### झांकियों के निर्माण एवं साज-सज्जा में सुरक्षा नियमों का अनिवार्य रूप से किया पालन

**दमोह।** म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लिमि.उत्तर संभाग दमोह के कार्यपालन अभियंता इंजी प्रवीण कुल्हारे ने जिले के विद्युत उपभोक्ताओं एवं धार्मिक उत्सव समितियो से आग्रह किया है, गणेश उत्सव त्यौहारों का आरम्भ हो रहा है, पंडालो में झाकियो को सजाने के लिये अस्थाई कनेक्शन लेना अति आवश्यक है, अस्थाई कनेक्शन लेने की प्रक्रिया के लिये बिजली कंपनी के पोर्टल स्मार्ट बिजली एप में जाकर निर्धारित प्रपत्र में सही संयोजित बिजली भारको दशाते हुये अस्थाई कनेक्शन के लिये आनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। उन्होंने कहा है लायसेंसी बिजली ठेकेदार की टेस्ट रिपोर्ट आवेदन में संलग्न की जाये एवं बायरिंग इत्यादि लायसेंसी धारी बिजली ठेकेदार से ही करवाये। आवेदन में दर्शाये अनुसार बिजली भार के अनुरूप सुरक्षा निधि एवं अनुमानित बिजली उपभोग की राशि अग्रिम जमा कराकर बिजली कंपनी से अस्थाई कनेक्शन की रसीद अवश्य लें। रसीद की लेमीनेटेड प्रति अनिवार्य रूप से पंडाल/झांकी के सामने लगायें बिजली भार से अधिक भार का उपयोग साज-सज्जा के लिए ना करें।

## पंचमुखी शिवलिंग और भाई कार्तिक के साथ विराजमान है अति प्राचीन गणेश प्रतिमा

बनवार। जबेरा जनपद के हरदुआ सड़क ग्राम का यह मंदिर न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि क्षेत्र की प्राचीनता, दिव्यता और आध्यात्मिक ऊर्जा का जीवंत प्रमाण भी है। यहां पंचमुखी शिवलिंग के साथ भगवान गणेश और उनके भाई कार्तिक की अति प्राचीन प्रतिमाएं विराजमान हैं, जो सदियों से भक्तों की श्रद्धा और विश्वास को नई ऊर्जा देती रही हैं। स्थानीय युवा बालमुकुंद लोधी बताते हैं कि गांव में कभी एक प्राचीन मढ़ा (पुराना मंदिर) हुआ



करता था, जो समय के साथ जमींदोज हो गया। लेकिन उस मढ़ा की दुर्लभ प्रतिमाएं आज भी सुरक्षित हैं, जिन्हें ग्रामीणों ने सामूहिक प्रयास से नए मंदिर में पुनः प्रतिष्ठित किया। ग्रामीणों का कहना है कि इस मंदिर की प्राचीन प्रतिमाओं से निकलने वाली दिव्यता और अद्भुत शक्ति का



अनुभव हर भक्त को होता है। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से दर्शन और पूजा करने से हर मनोकामना पूर्ण होती है। गणेशोत्सव के दौरान मंदिर में आस्था और उल्लास का अद्वितीय संगम देखने को मिलता है। सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ती है, भगवान गणेश की प्रतिमा पर सिंदूर चढ़ाने, विशेष अनुष्ठान करने और दिव्य वातावरण में आराधना का लाभ लेने के लिए। भक्त मानते हैं कि सदियों पुराना यह मंदिर आज भी चमत्कार और विश्वास का अद्वितीय केंद्र है, जहां आने से मन को शांति, आस्था को बल और जीवन को नई दिशा मिलती है।

### मुख्यमंत्री के अमानगंज में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत लिया तैयारियों का जायजा

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगामी सितम्बर माह के प्रथम सप्ताह में गुनौर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अमानंगज में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसके दृष्टिगत कलेक्टर सुरेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा ने गुरूवार को गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा के साथ प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का भ्रमण किया और आवश्यक तैयारियों का जायजा लेकर अधिकारी-कर्मचारियों को जरूरी निर्देश दिए।

# भगवती मानव कल्याण संगठन के सहयोग से निरंतर चल रहा नशा मुक्ति अभियान

### अब जबेरा जनपद की ग्राम पंचायत घांघरी के ग्रामवासियों ने लिया नशा मुक्ति का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा जबेरा के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने ग्राम वासियों के सहयोग से गुरुवार को जबेरा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत घांघरी में नशा मुक्ति बैठक की गई। जिसमें सरपंच, सचिव, पंचों सहित ग्राम के बुद्धिजीवी वर्ग के सभी लोगों ने संकल्प लिया कि आज से हमारे गांव में कोई भी शराब न बचेगा और ना ही शराब पीकर के कोई आतंक करेगा। साथ ही ग्राम सभा में निर्णय लिया गया कि अगर कोई शराब बेचता है तो उस पर 11000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। इसी तरह अगर कोई शराब पीकर के गांव में गाली गलौज करेगा तो उसके लिए 5000 रुपए का जुर्माना लगेगा एवं समाज से उसका बहिष्कार किया जाएगा और शासकीय सुविधाओं से भी उसे वंचित किया जाएगा। इस दौरान ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि भूपेश गंधर्व, पूर्व सरपंच आनंद उपाध्याय, पूर्व सरपंच नत्थू सिंह, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शोभा सिंह राजपूत, भगवती मानव कल्याण संगठन के संभागीय अध्यक्ष डॉक्टर सुजान सिंह, भगवती मानव कल्याण संगठन के जिला उपाध्यक्ष देवी सिंह, भागवती मानव कल्याण संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश अहिरवाल, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी किसान मोर्चा के ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश सिंह, भुजबल सिंह एवं भगवती मानव कल्याण संगठन के सैकड़ो कार्यकर्ता पदाधिकारी और ग्राम के सैकड़ो ग्राम वासी सभी की सर्व सहमति से ग्राम पंचायत के द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया। जिसमें ग्राम घांघरी में पूर्णतः शराबबंदी का निर्णय लिया गया और सभी ने हाथ उठाकर के संकल्प लिया।

## आगामी जनसुनवाई में समग्र पोर्टल पर डेटा अपडेट संबंधी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया जाएगा: कलेक्टर

दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के नागरिकों से कहा है सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई के माध्यम से ऐसी शिकायत आती है कि हमें कागजों पर मृत घोषित कर दिया गया है, लेकिन हम जिंदा है और इस प्रकार की शिकायत आती है कि महिला के पति की मृत्यु हो गई है लेकिन पोर्टल पर मृत्यु दर्ज नहीं है, इसके कारण कल्याणी पेंशन महिला को प्राप्त नहीं हो पा रही है और इसी प्रकार से आमतौर पर यह शिकायत भी आ रही है कि महिला का विवाह हो गया है लेकिन समग्र पर अविवाहित बता रहा है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा ऐसी जितनी भी शिकायतें हैं उनका शीघ्र ही निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा आगामी जनसुनवाई में फोकस विषय यही रखा है कि ऐसे व्यक्तियों जिनका डाटा समग्र पोर्टल पर अपडेट नहीं हुआ है या महिला की पति की मृत्यु हो गई है लेकिन कल्याणी पेंशन नहीं मिल रही है या सरकारी कागज पर किसी को मरा हुआ घोषित कर दिया गया है लेकिन वह जीवित है या किसी पुरुष या महिला का स्टेटस विवाहित है लेकिन उसे अविवाहित कर दिया गया है या अविवाहित को विवाहित कर दिया गया है या आपका नाम गलती से समग्र डेटाबेस से कट गया है और सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना बंद हो गया है, ऐसी जितनी भी गलतियां पोर्टल पर है, उनका समाधान आने वाले 02 सितंबर को जनसुनवाई के दिन विशेष तौर पर ऐसे केस को लिया जाएगा और उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

## जुझार गांव में गूंजे गणपति बप्पा मोरिया के जयकारे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ बांदकपुर के समीप बसे जुझार गांव में गणेशोत्सव की भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। गांव के राधा कृष्ण मंदिर परिसर में असाटी परिवार ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल छा गया। वहीं, गांव की नवयुवक गणेश उत्सव समिति ने पीपल के पेड़ के नीचे ढोल-नगाड़ों की गूंज और "गणपति बप्पा मोरिया" के जयकारों के बीच प्रतिमा स्थापित कर उत्सव की शुरुआत की। मंत्रोच्चार और विशेष हवन-पूजन में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गांव के घर-घर में भी गणपति बप्पा की स्थापना कर श्रद्धालुओं ने भक्ति का परिचय दिया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी में उत्साह देखने लायक था। श्रद्धालुओं का कहना है कि पूरे गणेशोत्सव के दौरान भजन-कीर्तन, आरती और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसमें पूरे गांव की सहभागिता रहेगी। ऐसे आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को गहरा करते हैं, बल्कि गांव में एकता और सौहार्द का संदेश भी प्रसारित करते हैं।

### बाघों की सुरक्षा पर उठ रहे सवाल कटाई पर नहीं लग पा रहा अंकुश

# प्रदेश के सबसे बड़े टाइगर रिजर्व में हो रही सागौन की अवैध कटाई

**वन अमले की लापरवाही से तस्कर कर रहे सागौन की अंधाधुंध कटाई, सागौन का हो रहा सफाया वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व की सर्रा रेंज की महका बीट का मामला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

टाइगर रिजर्व मे वृक्षों की विविधता है जिसमें मूल्यवान सागौन बहुतायत में पाया जाता है। मगर आज उसी सागौन का अस्तित्व खतरे में प्रतीक होता हुआ नजर आ रहा है शासन और वन विभाग द्वारा टाइगर रिजर्व में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जहां करोड़ों रुपए पानी की तरह बहाया जा रहा है वहीं दूसरी ओर यहां पदस्थ विभागीय अमला ही विभाग की मंशा पर पानी फेर रहा है दरअसल बाघों की बढ़ती संख्या के बीच टाइगर रिजर्व में वन माफियाओं की नजर बनी हुई है और वो अब अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं जहां एक और शासन प्रशासन और वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा टाइगर रिजर्व को विकसित करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं साथ ही रिजर्व के अंदर लगातार बाघों सहित जंगली जानवरों की संख्या बढ़ रही लेकिन वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में सागौन की अवैध कटाई का मामला सामने आया है। जहां पर टाइगर रिजर्व की सर्रा वन परिक्षेत्र की बीटो में वन माफियाओं द्वारा सागौन की कटाई की जा रही है और वन अमला नजरअंदाज बना हुआ है।

### महका बीट का मामला

मामला टाइगर रिजर्व की सर्रा रेंज की महका बीट का है जहां पर अवैध सागौन की कटाई की जा रही है साथ ही सोशल मीडिया पर ग्रामीणों द्वारा कटाई के वीडियो बनाकर वायरल किए जा रहे हैं जिसमें कुछ पेड़ ताजे दिखाई दे रहे हैं, क्योंकि उनमें हरे पत्ते दिखाई दे रहे हैं। वहीं कुछ पेड़ 10 दिन पुराने प्रतीत हो रहे हैं। ग्राम सारसबगली के लोगों ने बताया कि पहले इस बीट में सागौन के पेड़ नहीं थे। जब से फैसिंग ओर



बंदेज हुई है तब से उनकी सुरक्षा तगड़ी हुई है, तब से सागौन के पेड़ों की संख्या बढ़ी है। लोगों ने बताया कि मुड़कटिया नाम की जगह है जहां पर बड़ी संख्या में सागौन के पेड़ काटे गए हैं वे यही से काटे गए है।

### वन्य प्राणी व पेड़ों की सुरक्षा पर सवाल

टाइगर रिजर्व बने दो साल हो चुके है, लेकिन शिकारियों व सागौन तस्करों पर पर्याप्त स्टाफ होने के बावजूद रोक नहीं लग पा रही है। हाल ही में जंगली शूकर का मास पकते हुए श्वान ने पकड़वाया था। इसके बाद सागौन के पेड़ों के काटे जाने के विडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं, जिससे यह प्रतीत हो रहा है कि प्रदेश का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व अभी सुरक्षा के लिहाज से कई जगह से कमजोर दिखाई दे रहा है, सुरक्षा में सेंध होने से वन्य प्राणियों का शिकार होना व सागौन की कटाई होना लगातार जारी है।

### बाघों की मौजूदगी भी नहीं आई काम

टाइगर रिजर्व में इन दिनों बाघ बाघिन और उनका कुनबा भी खुले में घूम रहे हैं जब इन बाघों को बीते वर्ष 2018 में नौरादेही अभ्यारण्य के



समय यहां पर लाया जा रहा था उस दौरान डीएफओ सीसीएफ यह बात कह रहे थे कि बाघों की मौजूदगी का असर अवैध कटाई की रोकथाम में होगा लेकिन ऐसा नहीं होना सामने आ रहा है जिस स्तर पर टाइगर में कटाई का सिलसिला चल रहा है उससे यह बात साफ जाहिर है कि अवैध कटाई करने वाले आरोपियों को बाघों की मौजूदगी से कोई फर्क नहीं पड़ता है। टाइगर रिजर्व पहले नौरादेही अभ्यारण्य हुआ करता था जिसकी स्थापना1975 में की गई थी टाइगर रिजर्व तीन जिले की सीमा में फैला हुआ है जिसमें दमोह सागर व नरसिंहपुर जिला शामिल है टाइगर में काफी पुरानी भारी भरकम वृक्ष लगे हुए हैं जबकि काफी संख्या में ऐसे ही पेड़ों की कटाई हो चुकी है स्थिति यह है कि कभी सागौन के



लिए अपनी पहचान बनाने वाले इस टाइगर रिजर्व (नौरादेही अभ्यारण्य) में अब सागौन विलुप्त होने की कगार की ओर अग्रसर हो चला है यहां पर लॉकडाउन के दौरान भी आए दिन सागौन की कटाई के मामले सामने आते रहे हैं तो वहीं अभी भी टाइगर रिजर्व के अंदर कटाई जारी है।

### सूचना पर गश्ती करवाई

इस संबंध में टाइगर रिजर्व के सर्रा वन परिक्षेत्र अधिकारी टीआर कुलस्ते का कहना है कि अवैध कटाई की सूचना मिली थी। गश्त करवाई थी। लेकिन जो जगह बताई जा रही है, वहां पर काटे गए सागौन के ठूंठ नहीं मिले हैं, फिर से जांच कराई जा रही है अगर मौके पर कटाई पाई जाती है आगे कार्रवाई की जाएगी।

**टीआर कुलस्ते, वन परिक्षेत्र अधिकारी**

# अज्ञात कॉलर ने जन्मतिथि पूछी और खाते से कट गए 52 हजार रुपए

### पाली गांव के युवक के साथ हुई साइबर ठगी

मड़ियादो। साइबर अपराध के बारे में लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। सायबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट आदि के संबंध में लगातार जानकारी सांझा की जा रही ताकि लोग इस तरह की ठगी से बचे। लेकिन लोग अब भी ठगी के शिकार हो जाते है। मड़ियादो थाना क्षेत्र के पाली गांव का एक युवक ठगी का शिकार हो गया इस बार युवक से अज्ञात कॉलर द्वारा कस्टमर केयर अधिकारी बनकर जन्मतिथि पूछी गई और जन्मतिथि बताते ही युवक को 52 हजार रुपए की चपत लग गई। युवक ने हुई ठगी की शिकायत मड़ियादो पुलिस सहित दमोह पुलिस अधीक्षक से की है। जानकारी के अनुसार निमिराज राजपाल निवासी पाली थाना मड़ियादो मजदूरी का कार्य करता है। निमिराज के अनुसार उसकी मोबाइल सिम 23 अगस्त 25 को किसी कारण बंद हो गई थी। सिम बंद होने के दूसरे दिन निमिराज के भाई अशोक राजपाल के मोबाइल पर नंबर 7020779886 से फोन आता है जिसमें अज्ञात कॉलर अपने आपको कस्टमर केयर सर्विस का अधिकारी बताता है ओर मेरी बंद सिम चालू करने की बात कहता है । वह मेरी जन्मतिथि पूछता है जो मैने बता दी थी। इसके बाद वह मोबाइल नंबर बंद हो जाता है कुछ देर बाद मेरे भाई के वाट्सअप पर फिर मेसेज आता है जिसमें मेरी सिम चालू करने के लिए मेरे भाई अशोक पाल की जन्मतिथि पूछता है। मेरे द्वारा जैसे ही अपने भाई की जन्मतिथि बताई जाती है कुछ देर में मेरे अकाउंट से 50 हजार रुपए कट जाते है। इसके कुछ देर बाद 2 हजार रुपए ओर कट जाते। निमिराज के अनुसार वह अपने भाई के आधार से लिंक कर अकाउंट चला रहा था। वहीं पुलिस द्वारा शिकायत के बाद जांच शुरू कर दी गई।



## खबर संक्षेप

### वोटर अधिकार सत्याग्रह विशाल रैली आज

दमोह। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल ने जिले के समस्त ब्लाक अध्यक्षों, मंडलम सेक्टर, कांग्रेस पदाधिकारियों एवं समस्त कांग्रेसजनों एवं आम जनता से अनुरोध किया है कि लोकसभा के विपक्ष के नेता माननीय राहुल गांधी द्वारा वोट चोरी के मुद्दे पर पूरे देश में जन आंदोलन का कार्य किया जा रहा हैं उसी तारतम्य में आज 29 अगस्त दोपहर 2 बजे वोटर अधिकार सत्याग्रह को लेकर विशाल रैली का आयोजन किया गया है। रैली जिला कांग्रेस कार्यालय से होकर बस स्टेन्ड, घंटाघर होकर कीर्ति स्तंभ पहुंचेगी जहां समस्त कांग्रेसजनों की उपस्थिति में महामहिम राज्यपाल के नाम संबंधित अधिकारी से ज्ञापन सौंपा जायेगा रैली में अधिकाधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं से उपस्थिति की अपील की है।

### हरिशंकर पांडे बने जिलाध्यक्ष

दमोह। अखिल भारतीय कर्मकांड परिषद की प्रदेश स्तरीय बैठक भोपाल मे गुफा मंदिर लालघाटी पर आयोजित की गई थी जिसमें प्रदेश के जिलों के जिलाध्यक्ष की घोषणा की जिसमें उप महंत जी ने अखिल भारतीय कर्मकांड परिषद के प्रदेश के जिलों के जिलाध्यक्षों का तिलक कर किया गया जिसमें हरिशंकर पांडे को दमोह से कर्मकांड परिषद का जिलाध्यक्ष बनाया गया जिसमे दमोह के लोगों हर्ष व्यक्त किया।

**प्रशासन की घंटों चली जांच रही बेनतीजा**

# बांदकपुर मंदिर के पास शासकीय भूमि पर चबूतरा बनाकर रखी गई श्रीगणेश प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

बांदकपुर के श्री जागेश्वरनाथ मंदिर से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित मेला मैदान में शासकीय भूमि (खसरा नंबर 176/2) पर अवैध निर्माण और प्रतिमा स्थापना का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि 27 अगस्त को शिवरात्रि के दिन गुपचुप तरीके से चबूतरा बनाकर पत्थर की गणेश प्रतिमा स्थापित कर दी गई। यह मामला कलेक्टर के संज्ञान में आने और पुलिस चौकी में आवेदन दिए जाने के बाद तूल पकड़ गया। जांच के लिए हल्का पटवारी, नायब तहसीलदार और बाद में एसडीएम



भी मौके पर पहुंचे। देर रात तक प्रशासनिक अमला मौके पर जांच करता रहा, लेकिन खबर लिखे जाने तक जांच बिना किसी ठोस निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है। बताया जा रहा है कि बांदकपुर धाम में कॉरिडोर निर्माण कार्य शुरू होने के बाद से ही भू-माफिया और स्थानीय लोगों द्वारा शासकीय और मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जों के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। कहीं चौक-चौराहों पर मूर्तियां रखी जा रही हैं, तो कहीं टीन-टपरे और अस्थायी निर्माण किए जा रहे हैं, लेकिन न मंदिर ट्रस्ट और न ही प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई की गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध कब्जों को तुरंत चिन्हित कर हटाया जाना जरूरी है, अन्यथा यह कब्जे भविष्य में कॉरिडोर निर्माण में बाधक बन सकते हैं। इस मामले में नायब तहसीलदार प्रीतम सिंह का कहना है, "बिना अनुमति शासकीय भूमि पर चबूतरा बनाना और गणेश प्रतिमा रखना अवैध है। प्रकरण की तस्दीक की जा रही है, जिसके बाद अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सैकड़ों वनाधिकार पत्र धारक पंजीयन को भटक रहे

# आदिवासी किसानों को पीएम सम्मान निधी योजना का लाभ नही मिल रहा

**हिण्डोरिया।** म. प्र. एकता परिषद के पूर्व राज्य समन्वयक सुजात खान ने कहा कि जिला दमोह में यूं तो बड़ी संख्या में आदिवासियों को आये दिन अनेक प्रताड़नाओं, धमकियों एवं अवैधानिक भूमि से बेदखली जैसी कार्यवाहियां झेलना पड़ रहीं हैं। साथ ही जिले मैं उनको ठीक से वन अधिकार कानून का लाभ नहीं दिया जा रहा है । इसके अलावा ऊपर से जिन आदिवासियों को जैसे तैसे वन अधिकार पत्र प्राप्त हो गया है तो उन्हें शासन प्रशासन द्वारा अभी तक विधिवत किसान की मान्यता नहीं दे पा रहा है। परिणाम स्वरूप वन पत्र प्राप्त जिला के सैकड़ों आदिवासी किसानों को आज भी प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना तक का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिले के ये गरीब किसान साईड बंद होने के चलते आज भी पंजीयन कराने दिन रात भटक रहे है। श्री खान ने बताया कि ना ही आदिवासियों को प्राप्त त्रृटिपूर्ण वन पत्रों मे सुधार किया जा रहा है। और ना ही वनाधिकार पत्र धारकों की भूमि को राजस्व भूमि मे बदलने की प्रक्रिया को अंजाम दिया जा रहा है। बल्कि उनकी आजीविका का जरिया कृषि एवं आवास एवं विस्तार के भूमि को अभयारण्य, नर्सरी, बांध, पार्कों आदि के नाम से आये छीना जा रहा है। आदिवासियों के जीवन को नारकीय बनाया जा रहा है। वर्तमान में जिले मे वनाधिकार कानून का क्रियान्वयन एक मजाक सा बन कर रह गया है। श्री खान ने वनाधिकार कानून के क्रियान्वयन एवं लम्बित दावों की वास्तविक स्थिति का जायजा लेने आ रही मध्यप्रदेश शासन की राज्य स्तरीय टास्क फोर्स समिति से मांग की है कि इस सम्बन्ध में विभिन्न जन संगठनों के साथ जिला समय बैठक आयोजित करें। तभी वनाधिकार कानून के क्रियान्वयन एवं आदिवासियों की जमीनी सच्चाई का पता चल सकेगा।

## अवैध निर्माण हटाने का आदेश पारित

**दमोह।** व्यवहार न्यायालय दमोह ने वादी लक्ष्मण प्रसाद चौरसिया द्वारा प्रस्तुत व्यवहार वाद स्वीकार करते हुये प्रतिवादी रमेश राठौर पूर्व पार्षद सिविल वार्ड नं० 1 दमोह को शोभानगर दमोह स्थित वादी के पट्टे की भूमि खसरा नंबर 291/2 में से 14 गुणित 16 वर्गफुट भूमि बगैर प्रशासनिक स्वीकृति के सामुदायिक भवन का निर्माण कराये जाने पर प्रतिवादी रमेश राठौर का निर्माण कराये जाने पर प्रतिवादी रमेश राठौर का निर्माण अवैधानिक मानते हुये निर्णय दिनांक 30/07/2025 से एक माह क नीतर स्वयं के व्यय पर उक्त अवैध निर्माण हटाने का आदेश पारित किया है साथ ही रिक्त भूमि का कब्जा वादी लक्ष्मण प्रसाद चौरसिया को सौपने व भविष्य में वादी के कब्जें में हस्तक्षेप ना करने हेतु स्थायी निषेधाज्ञा प्रदान करने की डिकी प्रदान की है। वादी लक्ष्मण प्रसाद चौरसिया की ओर से अधिवक्ता मुकेश श्रीवास्तव ने यह प्रकरण पेश किया था उन्होने जानकारी देते हुये बताया कि वादी लक्ष्मण प्रसाद के माता शासन द्वारा भूमि का आवासीय पट्टा प्रदान किया था परन्तु उक्त भूमि पर पूर्व पार्षद रमेश राठौर ने सामुदायिक भवन का निर्माण बगैर प्रशासकीय स्वीकृति के करा लिया था जिसे व्यवहार न्यायालय ने हटाये जाने का आदेश पारित किया है।

# ब्यारमा नदी पर जुझार गांव में घाट निर्माण की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

### 15 गांवों के लोगों को हो रही परेशानी

दमोह विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत रियाना के जुझार गांव सहित आसपास के 15 गांवों के लोग लंबे समय से ब्यारमा नदी पर सुरक्षित घाट निर्माण की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि नदी में सालभर पानी भरा रहता है और ऊपर-नीचे बने स्टॉप डैम के कारण जलस्तर हमेशा ऊंचा रहता है, लेकिन पक्का घाट न होने से धार्मिक आयोजनों और दैनिक कार्यों में कठिनाई और खतरा दोनों बने हुए हैं। गणेश और दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जैसे धार्मिक आयोजनों के दौरान सैकड़ों लोग नदी किनारे इकट्ठा होते हैं, लेकिन सुरक्षित घाट



की अनुपलब्धता दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ा देती है। इसके अलावा, महिलाएं व्रत और पर्व के समय स्नान, ध्यान और पूजन के लिए भी नदी पर पहुंचती हैं, लेकिन उचित घाट न होने से उन्हें भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का मानना है कि घाट का निर्माण न केवल धार्मिक आयोजनों को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाएगा, बल्कि महिलाओं की सुविधा, स्थानीय विकास, स्वच्छता और सामाजिक एकता को भी प्रोत्साहित करेगा। इस मांग को लेकर कड़ोरी सेन, नीरज महोबिया, हेमेंद्र असाटी, राजन, हल्ले सेन, विजय अठया, नेहाल सेन, राजू सिंह लोधी, परम विश्वकर्मा, विशाल महोबिया, पप्पू सिंह लोधी और खिलान महोबिया सहित कई ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन, विधायक, मंत्री और अन्य जनप्रतिनिधियों से शीघ्र कार्रवाई कर घाट निर्माण कराने की अपील की है। ग्राम पंचायत रियाना के सरपंच दर्शन सिंह ने बताया कि जुझार गांव में घाट निर्माण की मांग काफी समय से चल रही है, लेकिन ग्राम पंचायत के पास इतनी राशि नहीं है कि घाट निर्माण का कार्य किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि दर्जनों गांवों के लोग गणेश और दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ-साथ महिलाएं भी धार्मिक स्नान और पूजन के लिए यहां आती हैं, लेकिन पक्का घाट न होने से ग्रामीणों को भारी असुविधा और खतरे का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि आने वाले समय में वे क्षेत्रीय विधायक, मंत्री और सांसद को ज्ञापन सौंपकर इस मांग को और जोरदार तरीके से उठाएंगे, ताकि इस समस्या का शीघ्र समाधान निकल सके।

## मेडिकल लैब टेक्नीशियन एसों. के सदस्यों ने की मंत्री से मुलाकात



**दमोह।** मेडिकल लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन मध्यप्रदेश के प्रदेश कोषाध्यक्ष आनंद जैन के नेतृत्व में दमोह जिला अध्यक्ष अविनाश दुबे, संरक्षक उपेंद्र सिंह ठाकुर, मंत्री जगदीश नेमा, संयोजक अमित अठया, भूपेंद्र सिंह सहित अनेक सदस्यों ने नोहटा जाकर माननीय मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के निवास पर उनसे मुलाकात की अभी तक चली आ रही व्यवहारिक परंपरा के अनुसार क्वालिफाइड क्वालिफाइड एमबीबीएस चिकित्सकों के मार्गदर्शन में पैथोलॉजी की रूटीन जांच संपन्न होती रही है वर्तमान शासकीय आदेश अनुसार पैथोलॉजी यूनिट की मार्गदर्शन के लिए एमडी पैथोलॉजिस्ट डॉक्टर अनिवार्य कर दिया गया यह व्यवस्था व्यावहारिक नहीं है यह भी पाया गया कि प्रदेश के हर जिले के शासकीय चिकित्सालय में तक एमडी की व्यवस्था नहीं है फिर भी जांच हो रही है माननीय मंत्री जी ने इस संबंध में आश्वासन दिया कि वह स्वास्थ्य सचिव एवं स्वास्थ्य मंत्री जी से चर्चा करके उपयुक्त हल निकालेंगे।

# बाढ़ आपदा के निःस्वार्थ सहयोगियों का हुआ सम्मान

**जिन समाजसेवियों ने सहयोग देने का कार्य किया उनको सम्मानित करके मेरा हृदय गदगद है - राज्यमंत्री**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कुछ दिन पहले जिले की जबेरा विधानसभा क्षेत्र में जो बाढ़ आई थी जिसमें विभिन्न संस्थाओं और व्यक्तियों ने अलग-अलग प्रकार से सहयोग देने का कार्य किया। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के माध्यम से हमने तय किया, जिन समाजसेवियों ने सहयोग किया उन सभी को सम्मानित करने का काम किया जाएगा। बाढ़ आपदा के समय जिन समाजसेवियों ने सहयोग देने का कार्य किया उनको सम्मानित करके मेरा हृदय गदगद हो गया। निश्चित रूप से जो लोग समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं उन समाजसेवियों का सम्मान करने का अवसर मिला। इस आशय के विचार प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के ऑडीटोरियम में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित बाढ़ आपदा के निःस्वार्थ सहयोगियों का सेवा-सम्मान समारोह कार्यक्रम को संबोधित



करते हुये व्यक्त किये। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर मौजूद थे।

राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा जिस समय हमारी विधानसभा क्षेत्र में बाढ आई उस समय विधानसभा सत्र चल रहा था, तो मैने कहा कि मैं एक दिन बाद आ पाउंगा तो कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने मुझे आश्वस्त किया और स्वयं बाढ़ पीड़ति की सेवा के लिए जुट गए। जब प्रशासनिक अधिकारी इस प्रकार की सोच के होते है, तो हृदय को बहुत संतोष होता है और आनंद मिलता है। इसके पूर्व भी कई कलेक्टर आये लेकिन वर्तमान कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर जिस प्रकार से कार्य करते है, वह प्रशंसनीय है। उन्होने श्री कोचर कि मुक्त कंठ सराहना करते हुये कहा कलेक्टर साहब नौकरी के साथ समाजसेवा कर रहे है, समाज सेवी लोग साथ है तो कोई भी संकट डरा नही सकता, भयभीत नही कर सकता।

जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने कहा आज सामाजिक संस्थाओं के व्यक्तियों जिनमें महिलाएं भी सम्मिलित थीं उनका सम्मान किया गया। बाढ़ आपदा के समय बाढ़ पीड़ित जो व्यक्ति थे, जिस समय उनके साथ कोई नहीं खड़ा था उस समय इन समाज सेवियों ने उनका भरपूर सहयोग दिया। उन्होने कहा सामाजिक संस्थाओं ने बाढ़ आपदा के समय अन्नदान, वस्त्रदान और जो आवश्यक वस्तुएं जरूरी थीं बाढ़ आपदा से पीड़ित लोगों को लिये उपलब्ध कराई, विपरीत परिस्थितियों में जो साथ देता हैं वह हमेशा याद रहता है, आज हमने संकट के साथियों का सम्मान किया गया। यह कार्यक्रम आपके लिए है, हमारा दमोह जिला दमदारों का है, जैसे दिल्ली दिल वालों की है, आप सबने मिलकर बाढ़ पीड़ितों की मदद की है, उनकी समस्याओं का समाधान किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पटैल ने कहा बाढ़ पीड़ितों को विकट समस्याओं का सामना करना पड़ता है, उनका खाना-पीना सब नष्ट हो जाता है उनके छोटे-छोटे बच्चे होते हैं, उनकी व्यवस्था करना बहुत ही कठिन काम होता है। इस समस्या का समाधान जिलेवासियों ने जो किया वह अनुकरणीय है, मोटिवेशनल भी है। उन्होंने सभी का दिल से आभार जताया और गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा देश हमें सब कुछ देता है, हमें भी तो कुछ देना चाहिए। इस भाव को आप सबने सार्थ करके भी दिखाया है, कलेक्टर साहब की प्रेरणा इस दमोह को दमदार दिखती है, यह दमोह दमदारों का है, दिलदारों के साथ ही दमदारों का है । क्षेत्र के लोग अलग-अलग तरीके से पहले से ही सहयोग करते थे आज भी ऐसे बहुत से लोग हैं जो तरह-तरह से काम करते हैं।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा सभा में समाज के सभी वर्गों, सप्रंदाय, विभिन्न समाजिक सगंठन, स्वंयसेवी संस्थाओं के लोग यहां बैठे है। मंत्री जी और सभी की भावना थी जिन लोगों के नाम रजिस्टर में दर्ज हैं, वे रूबरू भी हों, वे कौन लोग हैं, जो इतने निःस्वार्थ भाव से दमोह की जनता की सेवा करने के लिए तत्पर हुए हैं, मंत्री जी का हृदय से आभार जिन्होंने इस कार्यक्रम में समय दिया जिसकी परिणीति हैं आज सब लोग यहां बैठें हैं।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा आपकी सेवा भावना अनमोल हैं, इसका कोई मोल नहीं हैं, लेकिन यह जो पंरपरा शुरू की हैं, इस पंरपरा ने इतिहास रचा हैं, आगे चल करके आगे आने वाले समय में पूरे दमोह जिले के लिए और आगे आने वाली पीढ़ियों के लिए बहुत बड़ी प्रेरणा बनेगा।

कार्यक्रम के प्रारंभ में जनअभियान परिषद के समन्वयक सुशील नामदेव ने कार्यक्रम के बारे में विस्तर से अपनी बात रखी। कार्यक्रम में स्वयंसेवी संगठनों, संस्थाओं, व्यापारिक संगठनों, महिला मंडलों, व्यक्तिगत सहयोगियों आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विपिन चौबे और कृष्णा पटैल ने किया।

# एमपीआरडीसी शीघ्र ही हटा-गैसाबाद मार्ग की मरम्मत और क्षतिग्रस्त पुल का कार्य शीघ्र शुरू करेगी: कलेक्टर

**अगले माह की 1-2 तारीख से कार्य प्रारंभ होने की संभावना आमजन को जो असुविधा हो रही है उससे निजात मिलेगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के नागरिकों से कहा सर्वप्रथम प्रशासन का कार्य है लोगों की जान बचाना है, यदि क्षतिग्रस्त मार्ग से लोग आवागमन करते हैं, तो कोई बड़ी दुर्घटना का शिकार हो सकते, इसलिए प्रशासन को बंदिश लगानी पड़ती है। उन्होंने कहा पूर्ण विश्वास दिलाता हूं, एमपीआरडीसी से चर्चा करके क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण जल्दी से जल्दी और पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने का प्रयास किया जाएगा। कलेक्टर श्री कोचर ने हटा की जनता से आग्रह किया है वह थोड़ा धैर्य व संयम बरते, अगले माह की 1-2 तारीख से क्षतिग्रस्त हुई सड़क का कार्य प्रारंभ हो जाएगा और मुझे पूर्ण विश्वास है आमजन को जो असुविधा हो रही है उससे निजात मिलेगी। उन्होंने कहा जुलाई और अगस्त माह के प्रारंभ में जो भारी बारिश हुई उसके कारण हटा-गैसाबाद मार्ग जो एमपीआरडीसी के माध्यम से बनाया गया था और गैसाबाद का पुल भारी क्षतिग्रस्त हो गया जिसके कारण हमें मार्ग का डायवर्सन करना पड़ा, इस डायवर्सन के कारण लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इस असुविधा के लिए कलेक्टर श्री कोचर ने खेद व्यक्त किया है। उन्होने कहा प्रशासन लगातार इस विषय पर काम कर रहा हैं। एमपीआरडीसी अगले माह कि 1 -2 तारीख से क्षतिग्रस्त सड़क ओर पुल मरम्मत का कार्य शुरू कर देगी।